सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 23 फरवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने महान् समाज सुधारक गुरू रविदास जी की जयन्ती की समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनायें दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि संत रविदास ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक असमानताओं और अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाई और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कठिन संघर्ष किया। संत रविदास का जीवन दर्शन, समस्त विश्व समुदाय को समानता का संदेश देकर एक सुखी व आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

...........0..........